तापमान

अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 4 मई 2026

10 साइकिलिंग से हृदय स्वास्थ्य में होता है सुधारः संतोष



10 भारतीय योग संस्थान ने मनाई महाराजा जस्सा सिंह...



## खबर संक्षेप

### अतोलापुर गांव में युवक को सांप ने डसा

**पानीपत।** गांव अतोलापुर में सुभाष को शनिवार की देर रात लघुशंका करने के दौरान सांप ने ड-स लिया। वहीं, सुभाष का पानीपत के सिविल अस्पताल में उपचार चल रहा है। सुभाष के शरीर में जहर फैल हुआ है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### करंट लगने से मिस्त्री की जान गई

**पानीपत।** गांव बलाना के रकबे में डाई हाउस में होदी का निर्माण कर रहे राजमिस्त्री संजय सिंह निवासी गांव डाढौला जिला पानीपत की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। इधर, इसराना थाना पुलिस ने घटनास्थल व संजय के शव की जांच की। दूसरी ओर, पुलिस ने संजय के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवाकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 93 हजार रुपये के जेवर ठगे, दो पर केस दर्ज

**पानीपत।** कृष्णपुरा इलाके में दो अज्ञात ठगों ने सरकारी नौकरी लगने पर मंदिर में जेवर दान करने का झांसा देकर मंदिर के पंडित बालकिशन शर्मा व इनकी पत्नी ओमवती को अपने जाल में फंसाया और फिर दंपती की मदद से विजय ज्वेलरी शॉप से करीब 93 हजार रुपये के गहने ठग कर फरार हो गए। दूसरी ओर, विजय ज्वेलर्स के संचालक विजय वर्मा की शिकायत पर कृष्णपुरा चौकी पुलिस ने दो अज्ञात ठगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### नकदी व सामान चोरी करने वाले को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने मॉडल टाउन में एकता पार्क के पास कार एसेसरी की दुकान से नकदी व अन्य सामान चोरी करने के आरोपी पारस पुत्र नानक निवासी सावन पार्क मॉडल टाउन को गिरफ्तार किया है। थानेदार सीआईए वन फूल कुमार ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना माडल टाउन में हिमांशु नर्सरी नजदीक खाटू श्याम मंदिर निवासी सजल पुत्र संजय बठला की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नकदी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने इसराना क्षेत्र के अंतर्गत मांडी गांव के पास स्थित ओम भट्टे पर साथी श्रमिक के कमरे से 80 हजार की नकदी चोरी करने वाले नामजद दो आरोपियों भागीरथ व पपू निवासी गांव किलोली आसानंदपुर जिला बरेली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू के थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि चोरी की वारदात बारे थाना इसराना में राजकुमार पुत्र राम प्यारे की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सेक्टर छह में सदस्यता अभियान चलाया

**पानीपत।** संपूर्ण वाल्मीकि जन उद्धार संगठन द्वारा हुडा सेक्टर छह में सदस्यता अभियान चलाया गया। संपूर्ण वाल्मीकि जन उद्धार संगठन के मुख्य संस्थापक व अध्यक्ष रोशन बिडलान ने सुखबीर सिंह को पानीपत जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव नरेश तुषामड, ईशम सिंह जलमाणा, सतबीर झंझोट, जिला सचिव अमरपाल गहलोत, जितेन्द्र पुहाल समालखा विधानसभा अध्यक्ष, ऋषिपाल, विकास, संतलाल, राकेश आदि उपस्थित रहे।

### गेहूं के फाने न जलाएं किसान

**पानीपत।** हरियाणा सरकार ने किसानों को फसल अवशेष जलाने से रोकने और उसे आय के साधन में बदलने के लिए ठोस पहल की है। इसी क्रम में उपायुक्त डा. वीरेंद्र दहिया ने किसानों से सकारात्मक सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसान फसल अवशेष जलाने की बजाय आधुनिक तकनीक अपनाएं। वहीं, किसानों के सहयोग से प्रदूषण में कमी आएगी।

### दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख

# मोबाइल एक्सेसरीज व इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी आग, युवती की मौत

**दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की शास्त्री कॉलोनी स्थित एक मोबाइल एक्सेसरीज व इलेक्ट्रोनिक की दुकान में भीषण आग लग गई। हादसे के दौरान दुकान में काम करने वाली एक युवती अंदर ही फंस गई, जिसकी मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण धुएं से दम घुटना बताया जा रहा है। मृतका की पहचान हमीदा निवासी 28 वर्षीय शालिनी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, हालांकि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

शास्त्री कॉलोनी निवासी रमनदीप सिंह ने बताया कि उनकी कॉलोनी में ही रमनदीप इंटरप्राइजेज के नाम से मोबाइल एक्सेसरीज व इलेक्ट्रोनिक की दुकान है। सुबह दुकान खुली हुई थी और उसमें काम करने वाली शालिनी अंदर मौजूद थी। सुबह करीब साढ़े 10 बजे दुकान में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते भीषण रूप धारण कर लिया। दुकान में ज्वलनशील मोबाइल एक्सेसरीज का स्टॉक होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और शालिनी अंदर ही फंस गई। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। काफी प्रयास के बाद जब आग कुछ हद तक नियंत्रित हुई तो शालिनी को बाहर निकाला गया, लेकिन वह बेसुध अवस्था में थी। उसे तुरंत सिविल अस्पताल यमुनानगर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। रमनदीप सिंह के अनुसार दुकान में भारी मात्रा में सामान भरा हुआ था, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।





**यमुनानगर।** मृतका शालिनी का फाइल फोटो व शास्त्री कॉलोनी स्थित दुकान में लगी आग से जले हुए सामान को समेटते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

**एक साल से दुकान में कर रही थी काम**

*रमनदीप ने बताया कि शालिनी पिछले करीब एक साल से उनकी दुकान पर काम कर रही थी और कंप्यूटर का कार्य संभालती थी। जानकारी के अनुसार शालिनी के परिवार में उसकी मां ही एकमात्र सदस्य है। उनके पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।*

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

*थाना शहर यमुनानगर प्रभारी नरेन्द्र राणा का कहना है कि प्राथमिक जांच में मृत्यु का कारण दम घुटना बताया जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस आग लगने के कारणों की भी जांच कर रही है।*

## लोन देने के नाम पर महिला से हड़पे 50 हजार रुपये

**पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

व्यासपुर थाना क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी में एक व्यक्ति ने लोन देने के नाम पर महिला से 50 हजार रुपए हड़प लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार व्यासपुर स्थित कृष्णा कॉलोनी निवासी गुरमिंदर कौर ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे किसी काम के लिए पैसों की जरूरत थी। इस दौरान उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और उसे लोन दिलवाने की बात कही। आरोपी ने 20 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच उसे लोन देने के नाम पर अलग-अलग करके 50 हजार रुपए जमा करवा लिए। मगर इसके बाद आरोपी ने उसे लोन नहीं दिलवाया। उसने जब आरोपी के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद आया।

परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ साइबर क्राइम थाना पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

## युवक ने बहला-फुसलाकर महिला से किया दुष्कर्म

**पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में युवक ने बहला फुसलाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कालोनी निवासी 32 वर्षीय महिला ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दीपक नामक युवक के साथ जान पहचान थी। इसके बाद उन दोनों में दोस्ती हो गई। आरोपी ने उसे दो मई 2025 को मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी करीब एक साल तक उसके साथ बहला फुसलाकर दुष्कर्म करता रहा।

## 19 लाख रुपये की एल्युमिनियम स्क्रैप गबन करने का आरोप

**आरोपी ट्रांसपोर्ट संचालक के खिलाफ केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

राजस्थान के बीकानेर स्थित बीके इंडस्ट्रियल के मलिक ने जगाधरी वर्कशॉप से ऑक्शन में खरीदी गई 19 लाख रुपए की एल्युमिनियम स्क्रैप के गबन करने का आरोप लगाया है। आरोप ट्रांसपोर्ट संचालक देवेंद्र शर्मा पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

राजस्थान के बीकानेर स्थित सर्वोदय बस्ती जाटों का मोहल्ला निवासी राकेश ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी राजस्थान बीकानेर में बीके इंडस्ट्री के नाम से फैक्ट्री है। उसे पता चला था कि जगाधरी वर्कशॉप में एल्युमिनियम स्क्रैप की ऑक्शन होने वाला है। दो मई को उसने ऑक्शन में एल्युमिनियम स्क्रैप 19 लाख रुपये में खरीद ली। इसके लिए स्क्रैप ट्रांसपोर्ट के लिए उसने ऐप के जरिए ट्रक बुक किया। इस दौरान उसकी ट्रांसपोर्ट संचालक देवेंद्र शर्मा से बातचीत हुई। उसने एल्युमिनियम स्क्रैप ट्रक में लोड कर निर्धारित स्थान के लिए भेज दिया। मगर ट्रक चालक एल्युमिनियम स्क्रैप को निर्धारित स्थान पर लेकर नहीं पहुंचा। जब उसने ट्रक चालक के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। इसके बाद उसने देवेंद्र शर्मा से बात की मगर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी देवेंद्र शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सड़क हादसे में नेपाली युवक की जान गई

**नारायणगढ़।** नारायणगढ़-कालाअंब मार्ग पर शाहपुर पुल के पास सुबह पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले व्यक्ति प्रकाश की मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि टक्कर लगते ही व्यक्ति उछलकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के समय मृतक अपनी गर्भवती पत्नी और 7 साल के बेटे के साथ बाजार सामान लेने जा रहा था। नारायणगढ़ थाना पुलिस ने कार चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मृतक की पत्नी मूल रूप से नेपाल की रहने वाली बिंदिया ने बताया कि वह ओर पति प्रकाश छोटी रसौर स्थित न्यू सैनी पोल्ट्री फार्म में मजदूरी करते हैं। वह अपने 7 साल के बेटे कृष्णा के लिए कपड़े खरीदने जा रहे थे। वह तीन महीने की गर्भवती है। बिंदिया ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद कार चालक मदद मांगने पर भी नहीं रुका।

## होटल की वजह से परेशान होकर नारेबाजी की

**स्वच्छता पर कोई ध्यान नहीं, होटल संचालक पर कई गंभीर आरोप लगाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

शहर के वार्ड नंबर 7 स्थित बाली नगर में सफाई व्यवस्था और कथित अवैध कब्जे को लेकर रविवार को कॉलोनीवासियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और समस्या के जल्द समाधान की मांग उठाई।

प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रजत लाठर, युवा बोलेगा मंच के अध्यक्ष जेपी शेखपुरा ने किया। उनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में बाली नगर के निवासी कॉलोनी के मुख्य गेट पर एकत्रित हुए और प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि एक प्रभावशाली व्यक्ति ने कॉलोनी के गेट के पास होटल का निर्माण कर लिया है, जिससे न केवल सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है बल्कि स्थानीय लोगों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

थानीय निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलोनी में पहले कूड़ा डालने के लिए लगाए गए डस्टबिन को होटल मालिक द्वारा हटवा दिया गया है, जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वहीं, इस मामले में होटल मालिक सुमित बंसल ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है।

उन्होंने कहा कि होटल उनकी निजी जमीन पर बना हुआ है और उन्होंने नगर पालिका की किसी भी जमीन पर कब्जा नहीं किया है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि आसपास की नगर पालिका की जमीन पर वाहन खड़े किए जाते हैं, लेकिन सफाई व्यवस्था का वे स्वयं ध्यान रखते हैं। डस्टबिन हटाने के आरोपों को भी उन्होंने सिरे से नकारते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा कोई कार्य नहीं किया है।



**नपा की जमीन पर नहीं बनाया गया होटल**

*बाली नगर के गेट पर कॉलोनी वासियों के कूड़ा करकट के लिए डस्टबिन नपा की ओर से रखवाया गया था। होटल नगर पालिका की जमीन पर नहीं बनाया गया है साथ लगती जगह अवश्य नगर पालिका की है ,लेकिन यह एरिया जोहड़ का है इसलिए इस जमीन पर नपा की ओर से कोई निर्माण नहीं किया जा सकता है।*

*-रवि प्रकाश शर्मा नपा सचिव घरौंडा*

### नौकरी का झांसा देकर 34 लाख रुपये हड़पने का आरोपी काबू

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक्साइज तथा इनकम टैक्स विभाग में इंसपैक्टर लगवाने का झांसा देकर 34 लाख रुपये हड़पने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सेक्टर 11 निवासी जीत सिंह ने 11 अगस्त 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह सफीदों रोड पर अपने भतीजे के सर्विस स्टेशन पर बैठता था। 2017 में गांव शामलो कलां निवासी अनिल गाड़ी धुलवाने के लिए वहा पर आया। जिसने खुद को इनकम टैक्स विभाग में इंसपैक्टर बताया। बातचीत में बताया कि उसकी अच्छी जान पहचान है। इनकम तथा एक्साइज विभाग में इंसपैक्टर लगवा सकता है। बातों में आकर अपने दामाद को इन्कम टैक्स में इंसपैक्टर लगवाने को कहा। जिसके लिए उसने 34 लाख की डिमांड की। जिस पर उसने आरोपित अनिल के अलावा भाई राकेश, पिता सतनारायण, उसका भांजे गांव बरसोला निवासी अजय मौजूदगी में रुपये दे दिए।

## अवैध रेत खनन के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**प्रदर्शन में पांच गांवों के ग्रामीणों ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

यमुना नदी क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत खनन के विरोध में बुढ़नपुर, सिंभलगढ़, कारकौली, बिलासपुर, खोजकीपुर के किसानों ने समालखा में प्रदर्शन किया। वहीं, किसानों ने आरोप लगाया कि यमुना क्षेत्र में खुलेआम अवैध रेत खनन हो रहा है। उनके अनुसार, बड़े ट्रक दिन-रात रेत भरकर उनके गांवों की गलियों से गुजरते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव सिंबलगढ के सरपंच रामदिया, बुढनपुर के सरपंच सुशील त्यागी, कारकोली के सरपंच राम सिंह, राक्सेहडा के पूर्व सरपंच जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि बताया कि पिछले कई सालों में अवैध खनन के कारण सैकड़ों एकड़ भूमि यमुना के कटाव में समा गई थी, जिससे किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ था। अब फिर से उसी तरह खनन शुरू होने से स्थानीय लोगों में चिंता है। प्रदर्शनकारियों जयप्रकाश, सुभाष, रविदास, सत कुमार, विक्की, श्याम मास्टर ने प्रशासन पर लापरवाही और मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायतों के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे खनन माफिया बेखौफ होकर काम कर रहा है। किसानों ने चेतावनी दी।



**समालखा।** रेत के अवैध खनन के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पांच गांवों के लोग।

### 183 जगहों पर रेड कर बरामद किए 104 गैस सिलेंडर

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से सब डिविजन के अनुसार सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने और निरंतर सप्लाई को सुचारू बनाए रखने के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों ने अब तक 184 जगहों पर रेड की है और 104 सिलेंडर भी जब्त किए है। इस विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर गैस एजेंसियों पर निगरानी रख रही हैं। प्रतिदिन एजेंसियों से रिपोर्ट ली जा रही है, जिससे आपूर्ति की स्थिति पर सतत नजर बनी हुई है और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और विवाह जैसे आयोजनों के लिए व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसके लिए संबंधित कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है।

## 276 किलोग्राम चूरापोस्त सहित नशा तस्कर काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जनवरी माह में बरामद हुई 276 किलोग्राम चूरापोस्त के फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि गत 19 जनवरी को सीआईएं स्टाफ नरवाना पुलिस ने गांव डूमरखां खुर्द के खेत में छापेमारी कर 276 किलोग्राम चूरापोस्त को खेत में बने तहखाने से बरामद किया था। आरोपित ने अपने खेत में लोहे का तहखाना बनाया हुआ था। जिसके ऊपर पराली व गोबर डाल कर उसे छुपाया गया था। यहां से पुलिस ने गांव डूमरखां निवासी सुमित को गिरफ्तार किया था। जबकि मुख्य आरोपित गांव डूमरखां निवासी मनीष फरार हो गया था। जिस खेत से चूरा पोस्त बरामद हुआ था वह मनीष का था।




**परेशानी** ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, छह गांवों में आवागमन प्रभावित

# सात सालों से लटका है मनाना पुल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

समालखा से मनाना गांव को जोड़ने वाले फ्लाईओवर के निर्माण में सात साल से लटका हुआ है। वहीं रविवार को फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में लगातार देरी से दुखी मनाना गांव के ग्रामीणों ने मनाना जाने वाले रोड पर प्रदर्शन किया।

वहीं, ग्रामीणों ने विधायक मनमोहन भडाना, प्रदेश सरकार से इस पुल का निर्माण जल्द पूरा करने की मांग की है। सरपंच पति प्रवीण संदीप राठी, दिलबाग राठी, ईश्वर चंद राठी, नरेंद्र, ललित, बिल्लू, प्रताप, लीलू ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य सात साल पहले शुरू हुआ था, वहीं, सात साल की अवधि में पुल का सिर्फ बीस प्रतिशत ही निर्माण कार्य हो पाया है।

इधर, पुल का निर्माण नहीं होने के चलते गांव मनाना के साथ साथ ढोढपुर, नारायणा, वजीरपुर, टिटाना, डिडवाडी, बुडश्याम आदि गांवों को के ग्रामीणों को समालखा आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों को गांव किवाना होकर आवागमन करना पड रहा है।

सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को हो रही है। दूसरी ओर, विधायक मनमोहन भडाना ने बताया कि पुल का मामला उनके संज्ञान में है, वे पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर चुके है। वहीं, ग्रामीणों की परेशानी को वे अच्छी तरह से समझ रहे है। उनका प्रयास है कि पुलिस का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो।



**समालखा।** मनाना गांव के ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# नीट परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 2732 में से 2672 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

■ 97 .70 प्रतिशत उपस्थिति, डीसी और एसपी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले में रविवार को आयोजित नीट परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण और नकल रहित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और सभी केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए।

जिला प्रशासन के अनुसार 8 परीक्षा केंद्रों पर कुल 2732 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिनमें से 2672 उपस्थित रहे जबकि 60 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में 97.70 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा और एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कैथल रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय और रेलवे रोड के राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति स्कूल में निरीक्षण किया, जहां सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। केंद्रों पर सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, जैमर और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की गई थी, जिससे परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सकी।


करनाल। परीक्षा को लेकर व्यवस्था में जुटी पुलिस। फोटो : हरिभूमि


करनाल। परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी गेट खुलने का इंतजार करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाना जनविरोधी फैसला, करेंगे विरोध : भूपिंद्र लाठर



■ कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर महंगाई बढ़ाने का लगाया आरोप

करनाल। करनाल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपिंद्र लाठर भुप्पी ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में हुई बढ़ोतरी को जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से आम जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

लाठर ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय हालातों के बावजूद सरकार ने पहले कीमतें न बढ़ाने के दावे किए, लेकिन चुनाव प्रक्रिया समाप्त होते ही अचानक दाम बढ़ा दिए गए। उन्होंने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि और छोटे सिलेंडरों की कीमतों में इजाफा सीधे तौर पर व्यापारियों और आम लोगों को प्रभावित करेगा।

उन्होंने आशंका जताई कि आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दामों में भी वृद्धि हो सकती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार सोची-समझी रणनीति के तहत महंगाई बढ़ा रही है। उन्होंने मांग की कि एलपीजी सिलेंडरों के बढ़े हुए दाम तुरंत वापस लिए जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।


कहा: महिला शक्ति का बढ़ता कदम, देश का नाम करेंगी रोशन

## महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम को महापौर ने दी शुभकामनाएं

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए घोषित भारतीय टीम को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इसे देश में बढ़ती महिला शक्ति का प्रतीक बताया। महापौर ने कहा कि हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम का गठन हुआ है, जिसमें युवा प्रतिभा नंदनी शर्मा को पहली बार शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह चयन देश में उभरती प्रतिभाओं को मिलने वाले अवसरों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि महिला क्रिकेट टीम का यह सफर केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की पहचान भी है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। महापौर ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका असर खेलों में बढ़ती भागीदारी के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय महिला टीम अपने शानदार प्रदर्शन से विश्व स्तर पर देश का गौरव बढ़ाएगी।

## शहर की अप्रूव्ड कॉलोनियों में 7.50 करोड़ के कार्यों को मंजूरी मिल चुकी

# कल्याण ने दी 3.37 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

*क्षेत्र में विकास कार्यों की नहीं होने दी जाएगी कमी*








हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से पेयजल के लिए बिछाई गई नई पाईप लाइन और 6 नलकूपों का उदघाटन किया। इन पर 3 करोड़ 37 करोड़ रुपये की लागत आई है। उन्होंने बताया कि शहर की अप्रूव्ड कालोनियों में 7.50 करोड़ के कार्यों को मंजूरी मिल चुकी है। निकट भविष्य में काम शुरू हो जाएगा। श्री कल्याण ने कहा कि विगत 11 सालों में न केवल क्षेत्र में अपेक्षित विकास हुआ है बल्कि व्यवस्था बदलाव के नतीजतन समाज में जागरूकता भी बढ़ी है। श्री कल्याण आज घरौंडा में 3.37 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पेयजल के लिए 8 किमी लंबी नई पाइप लाइन बिछाई गई है जबकि डिफेंस कालोनी, फिश मार्केट, विग कालोनी, पुराने गर्ल्स स्कूल के पास, जैल सिंह कॉलोनी और एसटीपी के पास नए ट्यूबवेल लगाए गए हैं। गर्मियों में शहरवासियों को अभी पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश आज प्रगति पर है। रिंग रोड और राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के कारण जहां किसी स्थान पर पहुंचने में पहले 8 घंटे लगते थे अब 5 घंटे का वक्त लग रहा है। व्यवस्थाओं में सुधार के चलते हरियाणा प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज पेंशन राशि बुजुर्गों/ विधवाओं के खातों में सीधे पहुंच रही है। युवाओं को मेरिट पर नौकरी मिल रही है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए घर बैठे ही ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। फसल का पैसा किसानों के खाते में पहुंच रहा है। विकास के साथ-साथ लोगों में जागरूकता बढ़ी है। व्यवस्था में पारदर्शिता के कारण सरकार की ओर से पात्र लोगों को पूरी राशि प्राप्त हो रही है। एक समय वह था जब ऊपर से भेजे जाने वाले 100 रुपये में से केवल 15 ही नीचे तक पहुंचते थे।

### सरकार की मंशा साफ

पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केंद्रीय मंत्री की सराहना करते हुए कहा कि उन द्वारा नियमों में किए गए संशोधन की बदौलत शहर की अनेक अवैध कॉलोनियां वैध हुई हैं। इतना ही नहीं इनमें मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। केंद्र सरकार भी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लोगों को मिले। यह अलग बात है कि कई बार तकनीकी अड़चन के कारण इसमें

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा, मंडल प्रभारी रोहित भंडारी, महामंत्री सुरेंद्र सैनी, पालिका सचिव रवि प्रकाश आदि मौजूद रहे।



तरावड़ी। क्षतिग्रस्त वाहन।

## ट्रक से टकराया टेम्पो टाटा ऐस, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी टी-पॉइंट पर रविवार सुबह एक ट्रक और टेम्पो टाटा ऐस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 5-6 अन्य को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टेम्पो टाटा ऐस में करीब 20-25 प्रवासी मजदूर अपने परिवारों के साथ सवार थे, जो उत्तर प्रदेश बदायूं से होशियारपुर पंजाब काम के सिलसिले में जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ट्रक करनाल से चंडीगढ़ की ओर जा रहा था और उसके पीछे-पीछे टेम्पो टाटा ऐस चल रहा था। जैसे ही दोनों वाहन तरावड़ी टी-पॉइंट के पास पहुंचे, ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे चल रहा टेम्पो टाटा ऐस संतुलन खो बैठा और ट्रक की साइड में जा भिड़ा। टक्कर के बाद वाहन में सवार लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

हादसे के चलते कुछ समय के लिए सडक़ पर जाम की स्थिति भी बनी रही, जिसे बाद में पुलिस ने वाहनों को हटवाकर सामान्य कराया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## कर्ण लेक में गूंजा योग का संदेश, प्रकृति के बीच साधकों ने किया अभ्यास

■ योग गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में विशेष सत्र, एरोबिक्स और सूर्य नमस्कार रहे आकर्षण

करनाल। मिशन स्वस्थ भारत के तहत रविवार को करण लेक में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आयोजित इस सत्र में बड़ी संख्या में साधकों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न आसन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। योग शिक्षिका नीलम बतला और निधि गुप्ता ने भजनों के साथ एरोबिक्स करवाकर वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि प्रकृति के सानिध्य में योग करना शरीर, मन और आत्मा के लिए अद्भुत अनुभव है। यह हमें प्रकृति के पंच तत्वों से जोड़कर संतुलन, ऊर्जा और आंतरिक शांति प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि ताजी हवा, पक्षियों की चहचहाहट और सूर्य की गर्माहट योग के प्रभाव को और बढ़ा देती है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के बीच योग करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने योग और आध्यात्मिक ऊर्जा के संगम से आत्मिक शांति का अनुभव किया।

## प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में संयुक्त राष्ट्र पर कार्यक्रम सफल


तरावड़ी। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के बच्चें।

तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में संयुक्त राष्ट्र विषय पर एक विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विश्व शांति , ग्लोबल वार्मिंग , क्लाइमेट चेंज , अंतर्राष्ट्रीय सहयोग तथा वैश्विक व्यापार , जिसमें स्ट्रेट ऑफ हार्मुज़ का महत्व भी शामिल रहा, जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और आत्मविश्वास की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने भी छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए समझाया कि ऐसे वैश्विक मुद्दे क्यों उत्पन्न होते हैं और हम भारतीय होने के नाते तथा विद्यार्थी भविष्य के नागरिक होने के कारण इनके समाधान में कैसे प्रभावी योगदान दे सकते हैं । इस सफल आयोजन ने न केवल छात्रों के ज्ञान और अभिव्यक्ति कौशल को निखारा, बल्कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति जागरूक, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध हुआ।

## रक्तदान महादान व एचआईवी/एड्स जागरूकता पर हुईं प्रतियोगिताएं


करनाल। भाषण व पोस्टर मेकिंग में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

करनाल। पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में रैड रिबन क्लब के तत्वावधान में 'रक्तदान महादान' और 'एचआईवी/एड्स जागरूकता ही निदान' विषय पर भाषण प्रतियोगिता व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने किया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को हर छह माह में रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एचआईवी/एड्स एक गंभीर बीमारी है, जिससे बचाव केवल जागरूकता के माध्यम से ही संभव है। भाषण प्रतियोगिता में प्रिंसपाल प्रथम, ऐशव शर्मा द्वितीय व नैन्सी शर्मा तृतीय स्थान पर रहे, जबकि पारितोषिक पुरस्कार लवेश मदान को मिला। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गौरव प्रथम, लवेश मदान द्वितीय व प्रियांशु तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को क्रमशः 500, 300 व 200 रुपये के चैक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सिडनी में चमकी करनाल की बेटी किस्मत विर्क, रचा इतिहास



■ 2 .5 किमी तैराकी, 90 किमी साइक्लिंग और 22 किमी दौड़ पूरी कर बढ़ाया जिले का मान

करनाल। करनाल की बेटी किस्मत विर्क ने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में आयोजित विश्व प्रसिद्ध आयरन मैन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए इसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। इस कठिन चुनौती को पार कर उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। आयरन मैन प्रतियोगिता को दुनिया की सबसे कठिन फिटनेस चुनौतियों में गिना जाता है, जिसमें प्रतिभागियों को लगातार लंबी दूरी की तैराकी, साइक्लिंग और दौड़ पूरी करनी होती है। किस्मत विर्क ने 2.5 किलोमीटर तैराकी, 90 किलोमीटर साइक्लिंग और 22 किलोमीटर दौड़ पूरी कर अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और फिटनेस का परिचय दिया।

करनाल रनर्स ग्रुप के सदस्य राहुल कौशिक ने बताया कि किस्मत विर्क पूर्व विधायक सुमिता सिंह की बेटी हैं। उनकी उपलब्धि की खबर मिलते ही शहर में खुशी का माहौल बन गया। खेल प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने इसे जिले के लिए गर्व का क्षण बताया। ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि किस्मत की सफलता शहर की बेटियों के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि मेहनत, अनुशासन और संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।



## श्रद्धा से ही भक्ति में आती है शक्ति

■ शिव चित्रगुप्त मंदिर में साप्ताहिक सत्संग, भक्ति और श्रद्धा का महत्व समझाया

करनाल। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से शिव चित्रगुप्त मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें सर्व श्री आशुतोष महाराज की साध्वी शिष्या दिवेशा भारती ने श्रद्धा और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रद्धा के बिना भक्ति केवल दिखावा बनकर रह जाती है। सच्ची भक्ति वही है जिसमें पूर्ण विश्वास और समर्पण हो। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता का उदाहरण देते हुए बताया कि श्रद्धावान व्यक्ति ही ज्ञान और भक्ति का अधिकारी होता है। साध्वी जी ने द्रोपदी और माता शबरी के प्रसंगों के माध्यम से समझाया कि सच्ची श्रद्धा असंभव को भी संभव बना देती है। उन्होंने कहा कि केवल सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए की गई भक्ति स्थायी सुख नहीं दे सकती। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक ध्यान साधना और भजनों के साथ सत्संग का समापन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया।

**आयोजन** धार्मिक माहौल में गूंजे 'बोले सो निहाल' के जयकारे, विद्यार्थियों ने लिया आशीर्वाद

# गुरु नानक खालसा कॉलेज में संत वाणी से संगत हुई भाव-विभोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज में विद्यार्थियों द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ का पावन आयोजन किया गया। कॉलेज स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ का भोग लगाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों व स्टाफ ने श्रद्धा भाव से शीश नवाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संत बाबा भाई रविंद्र सिंह जी नानकसर वाले ने अपनी रूहानी वाणी से साध संगत को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन का उद्देश्य पूरा करने के लिए प्रभु का नाम सिमरन करना चाहिए। उन्होंने समझाया कि रब हमारे भीतर ही विराजमान है, लेकिन हम उसे बाहर ढूंढते हैं।

उन्होंने कहा कि जैसे फूलों में खुशबू होती है, वैसे ही परमात्मा हमारे अंदर बसता है। संत ने अपनी वाणी में जीवन की नश्वरता का संदेश देते हुए कहा कि समय निरंतर बीत रहा है, इसलिए सतगुरु का साक्षात्कार अपने भीतर झांककर ही संभव है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मां के महत्व पर भावुक कविता भी सुनाई, जिसने उपस्थित संगत को भावुक कर दिया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने संत को सिरोपा व श्री साहिब भेंट कर सम्मानित किया।

प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने कॉलेज की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए पूर्व प्रधान सरदार तारा सिंह व स. उजागर सिंह पसरीचा के योगदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जतिंदर पाल सिंह ने किया। अंत में गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। कॉलेज परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था और 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

### इस दौरान ये रहे मौजूद

इस मौके पर डा. जुझार सिंह, डा. देवी भूषण, डा. दीपक, डा. कृष्ण राम, प्रो. रमनदीप, डा. कृष्ण अरोड़ा, दिनेश डोगरा, गुरपाल सिंह, दिलबाग सिंह, हरनूर सिंह, निरवैर संधु, सिमरन कौर, महकप्रीत कौर, मेनका कौर, नवजोत कौर, नवजोत सिंह, साक्षी, हरमन, सिमरणजीत कौर, कमलप्रीत कौर व अमनप्रीत कौर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### योग सेंटर में नागरिकों ने योगाभ्यास किया

**पानीपत।** पानीपत आर्ट ऑफ़ लिविंग श्री श्री योग सेंटर में वेक अप शेक अप कार्यक्रम में श्री श्री योग शिक्षक मुकेश वर्मा ने नागरिकों को योगाभ्यास करवाया। कैंप में प्रतिभागियों ने वार्मप योगासन, प्राणायाम व साधना का प्रशिक्षण लिया। वहीं, वर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में जीवन में हनुमान जी के गुण सेवा, समर्पण और भक्ति को अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सेवा, साधना और सत्संग का मार्ग अपनाना चाहिए।

### कॉलेज में पूर्व छात्र परिषद का गठन

**पानीपत।** देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में पूर्व छात्र परिषद का गठन किया गया। वहीं प्रेम वर्मा को फिर से अध्यक्ष चुना गया। जबकि नेहा को उपाध्यक्ष, किशोर को सचिव, काजल को सह सचिव, महेश कुमार को कोषाध्यक्ष, ऋतु को लीगल एडवाइजर, रोहित, नीशू, अंजलि, काजल, पूजा को सदस्य चुना गया। इस अवसर पर प्राचार्य सुभाष जागलान, शिक्षक शशिकांता, नरेश ढांडा,दलजीत सिंह, सुमित्रा विज, दीप्ति गाबा, बृजेश बरार, स्नेह लता, डॉ कुसुम मलिक, संदीप खरब आदि उपस्थित रहे।

### सबका मालिक एक यानी ईश्वर एक है :भारती

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 11 में स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के आश्रम में सर्वश्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री रुपिंद्र भारती ने प्रवचन करते हुए कहा कि सबका मालिक एक है यानी ईश्वर एक है। वहीं, जगत में जो भी है वह ईश्वर का ही आवास है, वह हर चीज़ में समाया हुआ है, ब्रह्मांड में ईश्वर के अलावा दूसरी कोई सत्ता नहीं है।

### सनातन धर्म मंदिर सभा की बैठक हुई

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, माडल टाउन की मासिक बैठक मंदिर प्रांगण में गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान तरुण गांधी ने की। वहीं, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 मई से 15 जून तक मंदिर प्रांगण में पुरुषोत्तम मास अधिक मास के पावन अवसर पर कथा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर सभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पतंजलि योग समिति की बैठक आयोजित

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति पानीपत की बैठक जिला कार्यालय हुडा सेक्टर 13-17 में हुई। बैठक में सर्व प्रथम सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण की समय निर्धारण करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान शीशपाल सिंह, अशोक अरोड़ा, रामपाल शर्मा, बलवान सिंह, आरडी सैनी, शीशपाल सिंह, रामपाल शर्मा, श्याम गुलाटी, विजय जैन, ज्ञानी राम ने भाग लिया।

### सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने विशाल वर्मा

**पानीपत।** संयुक्त व्यापार मंडल समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से विशाल वर्मा को समिति का प्रधान चुना गया। बैठक में शेरचंद कपूर, राजेश सूरी, सुरेश बवेजा, कृष्ण अग्रवाल, अशोक सलूजा, सुनील चावला, महेंद्र आहूजा, महेंद्र सिंह, कीमत लाल कपूर, मुनीष , इंद्रजीत कथूरिया आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

### दुर्गा स्माइल फाउंडेशन ने शीतल जल सेवा शुरू की

**पानीपत।** दुर्गा स्माइल फाउंडेशन ने देशवाल चौक स्थित जाटल रोड पर राहगीरों के लिए शीतल जल की सेवा शुरू की है। वहीं, वार्ड 19 की पार्षद नेहा योगेश शर्मा द्वारा नारियल फोड कर जल सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य रीवा, रिशा, जया, अश्वनी शर्मा, अमित जांगड़ा, युवराज आदि उपस्थित रहे।

### गली के बीच बिजली पोल व पेड़ से परेशानी

**रादौर।** रादौर के वार्ड नंबर14 के जाटनगर में गली के बीचो बीच खड़े बिजली विभाग के खंभे व वन विभाग के पेड स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने खंभे व पेड हटवाने के लिए कई बार दोनो विभागों व प्रशासन को शिकायते की।

## भगवान श्री कृष्ण व बलराम की भक्ति में डूबा पानीपत

# श्री कृष्ण व बलराम रथ यात्रा पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। श्री कृष्ण व बलराम रथ यात्रा में भजन गाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

इस्कॉन कुरूक्षेत्र व इस्कॉन प्रचार समिति पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक नगरी पानीपत में श्रीमद् भागवत कथा एंव भगवान श्री कृष्ण-बलराम रथ यात्रा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। वहीं, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, राज्य सभा सांसद संजय भाटिया, विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, गजेंद्र सलूजा, अशोक आर्य, नवीन भाटिया, अविनाश पालीवाल, सियाराम गुप्ता, राम निवास गुप्ता, सतीश बुद्धिराजा, सतीश गोयल, राधे श्याम गुप्ता, नरेश सिंगला, सुन्दर लाल चुघ, आशु गुप्ता, अशोक गोयल, तरुण जेठी, राजेश गोयल, सुरेश तायल, रविन्द्र सैनी, विक्की कत्याल, प्रवीन नंदवानी, संजय कटारिया, इंद्रजीत कथूरिया, पंकज मेंहदीरत्ता, जगदीश जैन, विजय जैन, नीरज गोयल, देवेंद्र महाजन, सुरेश मित्तल, अरविंद सिंघल, भुवन चुघ इत्यादि ने भगवान श्री कृष्ण व बलराम के साथ इस्कॉन संस्थापक आचार्य परम भक्त प्रभुपाद जी की आरती की व सभी मुख्य अतिथियों ने नारियल तोड़ कर रथ यात्रा का शुभारंभ किया। वहीं अतिथियों ने भगवान के सामने शहर के राजा की भूमिका को निभाते हुए रथ के आगे झाड़ू लगाकर भगवान की प्रसन्नता के लिए रथ के रास्ते को साफ किया। इधर, गगन गारमेंट्स, सती भाई दस सेवा दल, लीलाधरजी, फ्लाइंग क्लब आदि के द्वारा रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद भेंट किया। वहीं, रथ यात्रा श्रीमद् भागवत कथा स्थल कटारिया लैंड पर विशाल भंडारे के साथ आयोजित हुई।



पानीपत। द किडनी हॉस्पिटल में सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य जांचते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### द किडनी हॉस्पिटल में कैंप आयोजित कर सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा

## प्रभु का स्वरूप सफाई कर्मचारी: डॉ. भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत स्वच्छता संरक्षण अभियान-2026 के द्वारा एस्टेट ऑफिसर प्रतीक हुड्डा के दिशा निर्देश तहत सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। द किडनी हॉस्पिटल की मुख्य संचालिका डा. दीप्ति जैन ने बताया कि डा. शंकर तायल, डा. जावेद व डा. दीक्षा के सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा। जबकि नर्सिंग सुपरवाइजर स्टाफ पूजा राठी, विशाल, सौरभ, निशा और काजल ने अपनी सेवाएं देकर शिविर को सफल बनाया। जबकि अकाउंटेंट राजकुमार व क्लर्क सुनील कुमार ने भी शिविर के आयोजन में सहयोग दिया। जबकि ईओ प्रतीक हुड्डा ने सहयोगियों खासतौर पर द किडनी हॉस्पिटल के डा. भूपेंद्र कादियान का धन्यवाद किया। डा. दीप्ति जैन ने बताया कि द किडनी हॉस्पिटल, जनता की निष्काम सेवा में हमेशा तत्पर रहता है। हर नागरिक को अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखना चाहिए, लापरवाही बरतने पर रोग जा लेवा हो जाता है। सफाई कर्मचारियों को बेहतर स्वस्थ्य सेवाएं देने द किडनी हॉस्पिटल की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सफाई कर्मचारी प्रभु का स्वरूप है।

### पडोसी ने किया दुष्कर्म किशोरी गर्भवती हुई

**पानीपत।** पानीपत की एक कालोनी में अपनी बहन से मिलने आई महिला की 15 वर्षीय बेटी को पेट में दर्द की शिकायत पर पानीपत के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल जांच में लड़की गर्भवती मिली। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस व नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्य अस्पताल पहुंची। इधर, पीड़ित लड़की ने बताया कि बिहार के औरंगाबाद जिला में उनका गांव है, वहीं गांव में पडोसी युवक रामू झा ने उसके साथ बार बार दुष्कर्म किया। वहीं, लगातार दुष्कर्म किए जाने से किशोरी गर्भवती हो गई। इधर, पुलिस ने लड़की के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाकर आरोपी रामू झा पर केस दर्ज किया और इस मामले की आगे की जांच को मुकदमा थाना नवीनगर, जिला औरंगादबाद, बिहार को रेफर कर दिया।



आदर्श एक विश्वास के मेडिकल कैंप में नागरिक की आंखें जांचते हुए चिकित्सक।

## आदर्श एक विश्वास ने मेडिकल कैंप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी ने 85 वां निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन बतरा कॉलोनी स्थित एलसी इंटरनेशनल में किया।

वहीं, कैंप का शुभारंभ समाजसेवी कपिल अनेजा ने किया। वहीं, कपिल ने बताया कि इस कैंप का आयोजन उन्होंने अपने दादा दादा दीवान चंद अनेजा की याद में करवाया है। दूसरी ओर, आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसायटी के प्रधान नवीन मुंजाल ने बताया कि कैंप में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ओमप्रकाश बडगुजर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रत्ना राठी और अरोड़ा ऑप्टिकल से जतिन अरोड़ा अपनी सेवाएं दी। वहीं, कैंप में 265 नागरिकों को मुफ्त दवाइयां, नजर के चश्में दिए गए। दूसरी ओर, नवीन मुंजाल ने कहा कि निरोगी काया इंसान का पहला सुख है, इसके मद्देनजर हर नागरिक अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहे।

## नारी सशक्तिकरण विरोधी है कांग्रेस: वेद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



- पानीपत को तरक्की के पथ पर आगे ले जा रही है ट्रिपल इंजन की सरकार

भाजपा के जिला प्रवक्ता पंडित वेद प्रकाश पाराशर ने दावा किया कि ट्रिपल इंजन की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बल पर पानीपत तेजी से तरक्की कर रहा है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार, समालखा से विधायक मनमोहन भड़ाना व पानीपत से विधायक प्रमोद विज की अगुवाई में पानीपत जिला के शहरी व ग्रामीण अंचल में तेजी से विकास कार्य चल रहे है। वहीं, विकास कार्यों की गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जा रहा है। वेद, रविवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा देश में यदि नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन पास होता तो देश की 70 प्रतिशत महिलाओं को उनका प्रतिनिधित्व मिलता तथा वे लोकसभा व राज्यसभा में 33 प्रतिशत की संख्या में देश की नीतियां बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाती। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस व विभिन्न राष्ट्रीय दलों की नीतियां महिला विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के चलते महिलाओं के हितों को एक बार फिर नजरअंदाज कर रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि गुटों में बंटी कांग्रेस हरियाणा में विपक्ष की भी भूमिका नहीं निभा पा रही है। इनेलो, जजपा की राजनीतिक कहानी खत्म हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने सत्ता को जनता की सेवा का माध्यम माना है और निष्काम जन सेवा कर रही है।



यमुनानगर। स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित अलंकरण समारोह में उपाधियां देकर अलंकृत किए गए विद्यार्थी खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बच्चों को आगे बढ़ने के लिए करें प्रेरित: डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में नए शैक्षिक सत्र 2026-27 का अलंकरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यार्थियों को अलग अलग उपाधि देकर अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा जौली कालरा द्वारा किया गया। वहीं, मुख्यातिथि के रुप में डॉ. अजय शर्मा ने भाग लिया।

मुख्यातिथि डॉ. अजय शर्मा ने आए हुए अभिभावकों व बच्चों को बधाई दी और कहा कि हमें बच्चों को समय समय पर उनके कर्तव्य से अवगत कराते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे राष्ट्र के निर्माता हैं और उन्हें निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या जौली कालरा ने बताया कि कार्यक्रम में सबसे पहले हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, कैप्टन, वाइस कैप्टन, प्रीफेक्ट्स, डिसिप्लिन, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम व शैक्षणिक कार्यक्रम के इंचार्ज नियुक्त किए गए। नवनियुक्त इंचार्जों को पटका पहना कर व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करने से विद्यार्थियों में अनुशासन बनाए रखने में मदद मिलती है और उनमें परस्पर सहयोग की भावना पैदा होती है।

## ब्रह्मज्ञान मानसिक शुद्धता का सशक्त साधन : भारती

**यमुनानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में आयोजित की जा रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथाव्यास साध्वी कालिंदी भारती ने श्रद्धालुओं को विषाक्त हो रहे समाज को प्रदूषण मुक्त करने के लिए आहवान किया। उन्होंने मौके पर भगवान की दिव्य लीलाओं व उनके भीतर छिपे हुए गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों से भी श्रद्धालुओं को अवगत करवाया। छठे दिन कथा का शुभारंभ मुख्यातिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर, कमला राणा, कल्पना चौहान, डॉ. बिन्दू धीमान समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। वहीं, मौके पर कथा के मुख्य यजमान के रूप में सुरेश गुप्ता सपरिवार,अक्षय त्यागी और सुषमा त्यागी आदि मौजूद रहे। कथाव्यास साध्वी कालिंदी भारती ने फरमाया कि समाज मानव मन की अभिव्यक्ति है। जब जब संतों के आदर्शों का परित्याग करते हुए मानव भोग वासना की ओर प्रवृत्त हुआ है। तब तब समाज विषाक्त होता है। जरूरत मन को प्रदूषण से मुक्त करने की है। जब मन का प्रदूषण समाप्त होगा तब बाहरी पर्यावरण स्वतः ही स्वच्छ हो जाएगा। इसके लिए जरूरत है ब्रह्मज्ञान की जो मानसिक शुद्धता का सशक्त साधन है। हमें आवश्यकताओं और लालसाओं में भेद करना होगा। जितनी लालसाएं बढ़ेंगी उतना ही प्रकृति का दोहन होगा।

## चोरों ने फैक्ट्री से चुराई लाखों रुपये की एल्युमिनियम प्रेस प्लेट

**यमुनानगर।** गांव मेहर माजरा स्थित श्री श्याम प्लाई बोर्ड फैक्ट्री से चोरों ने करीब साढे तीन लाख रुपये की एल्युमिनियम प्रेस प्लेट चोरी कर ली। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 निवासी अंकुर अग्रवाल ने बुडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव मेहर माजरा में श्री श्याम प्लाई बोर्ड के नाम से फैक्ट्री है। एक मई की रात को वह फैक्ट्री से काम खत्म करवा कर घर आ गया था। सुबह जब वह फैक्ट्री में पहुंचा तो वहां से एल्युमिनियम प्रेस प्लेट गायब मिली। जांच करने पर फैक्ट्री से 40 प्लेट गायब मिला। जिनकी कीमत करीब साढे तीन लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## शूटिंग : इतिशा व अर्शराज सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर





यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में चल रही दो दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता के समापन पर निशाना लगाते खिलाड़ी व मुख्यातिथि का स्वागत करते चेयरमैन राम निवास गर्ग व अन्य। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में आयोजित की जा रही दो दिवसीय इंटर इंटर डीपीएस राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन अवसर पर विजेताओं को ट्राफी, पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में हरियाणा एचईआरसी सदस्य मुकेश गर्ग मौजूद रहे। प्रतियोगिता में देशभर के 52 डीपीएस विद्यालयों के 326 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बैंड द्वारा आकर्षक धुनों को प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, भांगड़ा, नृत्य व देशभक्ति के गीतों से वातावरण मनोरम बन गया।



समालखा। गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला मीडिया से वार्ता करते हुए।

## गुरु अर्जुन देव की याद में श्री सुखमणि साहिब के पाठ का दस मई से शुभारंभ

**समालखा।** गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाउन में शहीदों के सरताज पांचवें गुरु श्री अर्जुन देव की याद में संगत द्वारा श्री सुखमणि साहिब के पाठ 10 मई से आरम्भ किए जाएंगे, जो लगातार 50 दिन तक चलेंगे। यह जानकारी गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने देते हुए बताया कि भाई गुरमुख सिंह द्वारा गुरबाणी किर्तन गायन करके संगत को निहाल किया जाएगा। वहीं, बिल्ला ने गुरू अर्जुन देव की शहादत की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के लिए गुरू महाराज ने अपना बलिदान दिया, इसी लिए गुरू महाराज को हिंद की चादर कहा जाता है। इस अवसर पर श्याम सिंह, अमनदीप, जीवन सिंह, सुरेंद्र कुमार, अंकुर बंसल, अमरजीत सिंह, हैप्पी कपूर, कुलदीप सिंह, अमित छाबडा आदि उपस्थित रहे।

### प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम मंदीप कुमार उपस्थित

## आईसीएआई में डायरेक्ट टैक्सेस वर्कशाप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत





पानीपत। आईसीएआई के अध्यक्ष सीए भूपेंद्र दीक्षित वर्कशाप में अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

द इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया की डायरेक्ट टैक्सेस कमेटी के तत्वावधान में उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत की शाखा में प्रधान सीए भूपेंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में डायरेक्ट टैक्सेस पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को आयकर निदेशालय पीआरए पीएंडपी का प्रकाशन सहयोग प्राप्त रहा तथा आयोजन आईसीएआई की डायरेक्ट टैक्सेस कमेटी डीटीसी के तत्वावधान में किया गया। जिसमें प्रथम दिवस पर मुख्यअतिथि के रूप में एसडीएम मंदीप कुमार उपस्थित रहे। जबकि द्वितीय दिवस पर मुख्यअतिथि हर्षित बंसल जॉइंट कमिश्नर, आयकर विभाग, करनाल रेंज पधारें। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच संचालन शाखा की सचिव सीए रजनी गोयल ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव शाखा उपाध्यक्ष सीए जितेंद्र बांगा ने किया। शाखा के कोषाध्यक्ष सीए दीपक गोयल, सीए कंवरदीप सिंह चेयरमैन पानीपत एवं सीए सोनू गोयल पूर्व अध्यक्ष ने आए हुए अतिथि का गुलदस्ता देकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

### ये रहे उपस्थित

सीए रानो जैन, सीए सुनील गर्ग, सीए कपिल गोयल, सीए एडवोकेट पंकज सराओगी व शाखा के प्रधान सीए भूपेंद्र दीक्षित विशेष से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स जिनमें सीए जगदीश धमीजा, कृष्ण सेठी, मितेश मल्होत्रा, कुणाल कथूरिया, संजय जैन, हंस राज खुराना,राज कुमार रावल, सुकेश गुप्ता, जोगिंदर पाल, गोविंद सैनी, चिरंजीवी सोढ़ी, मुकेश शर्मा, जसबीर दहिया, सुधीर शर्मा, रमन मान, अजय वर्मा एवं मुकेश मित्तल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ़ ने कार्रवाई करते हुए गांव दिनारपुर से महिला का पर्स लूटने के मामले में दो आरोपियों को हाईवे नजदीक पतरहेड़ी अंडरपास से काबू किया। जांच टीम ने बताया कि शिकायतकर्ता विकास ने 25 अप्रैल 2026 को शिकायत दी थी कि वह, उसकी पत्नी तथा उसका भाई शादी समारोह से आ रहे थे आरोपी शाहाबाद से उनका पीछा कर रहे थे नजदीक गांव दिनारपुर के पास बाइक सवार आरोपियों ने उसकी भाभी से पर्स लूट लिया, जिसमें सोने की अंगूठी व 10 हजार की नकद राशि थी। इस लूटपाट के दौरान उसकी भाभी को काफी चोट लगी। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को काबू किया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हाईवे नजदीक पतरहेड़ी अंडरपास से गिरफ्तार कर लूटा गया सामान व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है।

### दो मामलों में पकड़ी भारी शराब, आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर पुलिस ने सूचना के आधार पर सद्दोपुर नाकाबंदी कर गाड़ी से 2160 पव्वे देसी शराब तथा 432 बीयर केन सहित आरोपी धर्मेंद्र वासी गांव उदेशीपुर थाना गन्नौर जिला सोनीपत को काबू किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य मामले में थाना अंबाला छावनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रामू निवासी पटेल नगर मील के पीछे अंबाला छावनी को खटीक मंडी के पास से 48 बोतल शराब सहित काबू किया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### 3047 बच्चों ने दी नीट-यूजी की परीक्षा

**अंबाला।** जिले के सात केंद्रों पर रविवार को नीट-यूजी परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। कुल 3047 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 107 ने परीक्षा छोड़ी। केंद्रों पर सघन चेकिंग के दौरान छात्राओं के इयररिंग, हेयरपिन और कड़े तक उतरवा लिए गए। दोपहर 2 बजे शुरू हुई परीक्षा में 180 प्रश्न पूछे गए। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि जीवविज्ञान और रसायन विज्ञान का पेपर सामान्य रहा, लेकिन भौतिक विज्ञान के प्रश्नों को हल करने में काफी समय लगा। सेल्फ स्टडी करने वाली प्रीति और भारवी ने बताया कि सिलेबस से बाहर कुछ नहीं था लेकिन प्रश्न काफी उलझावदार थे। परीक्षा को लेकर ज्यादातर छात्रों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

### विदेश में रह रहा भांजा बन साढ़े तीन लाख ठगे

**जींद।** विदेश में रह रहा भांजा बनकर एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने साढ़े तीन लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिवानामाल निवासी राजकुमार ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भांजा गांव बरौदा निवासी विनोद छह साल से न्यूजीलैंड में रह रहा है। गत तीस मार्च को उसके व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उसका भांजा विनोद बताया।

## भाजपा मेयर प्रत्याशी विवादों में घिरी, पति पर मारपीट के आरोप

# पति बोले- जानबूझकर नामांकन पत्र में मेरा नाम नहीं लिखा, वीडियो जारी

### पिता बोले कांग्रेस की शह पर अक्षिता को बदनाम करने की रची जा रही है साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव में भाजपा की मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी विवादों में घिर गई हैं। मतदान से पहले अक्षिता सैनी के पति कुलदीप सैनी ने उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कुलदीप ने एक वीडियो जारी कर कहा, ₹अक्षिता ने नामांकन पत्र में अपने पिता का नाम तो भरा है लेकिन पति के कॉलम में उसका नाम गायब है। उसने सवाल किया कि अगर वह उनका पति नहीं है तो यह बताइए कि बच्ची कहां से आई? उसने कहा कि हमारा कोई तलाक नहीं हुआ है। अगर तलाक हो गया है तो अक्षिता बताए।

उन्होंने आगे कहा कि मनमुटाव को राजनीति में परिवार को नहीं घसीटना चाहिए। परिवारिक मुद्दे अलग होते हैं। जबकि चुनाव अलग होता है। परिवार के बीच थोड़ा मतभेद है तो वह समय के साथ ठीक हो जाएगा लेकिन इस तरह से किसी की छवि खराब करना शोभा नहीं देता। कुलदीप सैनी के आरोपों पर अक्षिता सैनी के पिता स्वर्ण सैनी ने कहा कि अक्षिता और कुलदीप के तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा है। वह कांग्रेस के कहने पर अक्षिता को बदनाम कर रहे हैं। कुलदीप सैनी ने वीडियो के जरिए कहा कि वह ससुराल पक्ष पर आरोप लगाती हैं कि सास-ससुर ने मारपीट की और दहेज मांगा गया। इस तरह की बातें नहीं बोलनी चाहिए। इलेक्शन को इलेक्शन की तरह लड़ना चाहिए, दूसरे की छवि खराब नहीं करनी चाहिए। वह सास-ससुर के साथ गांव में रहती ही नहीं थीं तो उनका शोषण कैसे हो सकता है? उन्हें खुद सोचना चाहिए कि वह कितनी बार गांव गईं। मान और मर्यादा में रहकर चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा ₹मेरे रहते उनका कोई शोषण नहीं कर सकता। यह बात अक्षिता को भी अच्छे से पता है। उन्होंने नामांकन पत्र में लिखा है कि उन्हें हेयर लॉस, हियरिंग लॉस है। मैंने तो ये बात अब तक किसी को नहीं बताई वह खुद ही बता रही है। सही मायने में शोषण तो मेरा हुआ है। शादी से पहले मुझे ये बातें नहीं बताई गईं फिर भी मैंने उन्हें खुश रखा और 7 साल तक कोई परेशानी नहीं आने दी। मेरे पास वह तस्वीरें भी हैं जिनमें आप मेरे साथ खुश रहती थीं। कुलदीप ने कहा, ₹आप चुनाव लड़ो। मैं खुद जिला पंचायत का चुनाव लड़ रहा हूं। आप वहां मेयर बनकर सेवा कीजिए मैं यहां जिला पंचायत का सदस्य बनकर सेवा करूंगा। परिवारिक मुद्दों को कभी भी चुनाव के बीच में नहीं लाना चाहिए। मैं मानवाधिकार आयोग से भी पूछना चाहता हूं कि ये सारी चीजें मुझ पर क्यों थोपी जा रही हैं? मैं कोर्ट-कचहरी में तारीखें क्यों झेलूं और अपना कीमती समय क्यों बर्बाद करूं? उन्होंने कहा कि मैं एक अध्यापक हूं। उस समय को मैं बच्चों के साथ लगाउंगा तो आने वाली पीढ़ी को सुधार पाउंगा। अक्षिता को अच्छे से पता है कि मेरे जैसे टीचर बहुत कम मिलते हैं। मैंने उन्हें हर तरीके से खुश रखा है। मेरा इस तरह से समय बर्बाद न करें ये दोनों के लिए अच्छा रहेगा।





**अंबाला।** भाजपा की मेयर उम्मीदवार अक्षिता सैनी व पति कुलदीप सैनी।

### छह साल पिता के पास रह रही अक्षिता

पति के आरोपों पर अक्षिता सैनी के पिता स्वर्ण सिंह सैनी ने कहा कि 6 साल से अक्षिता मेरे पास रह रही है। उसका तलाक को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है। 6 साल में कुलदीप एक बार भी उनके पास नहीं आया। न ही बेटी के बारे में कभी पूछा। अब कांग्रेस के कहने पर वह अक्षिता को बदनाम करना चाहता है। यह विपक्ष की चाल है। कुलदीप विपक्ष का मोहरा बनकर हमें चुनाव हराने की कोशिश कर रहा है। स्वर्ण सैनी अंबाला शहर में भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष हैं। वह मेयर चुनाव में पत्नी के लिए टिकट मांग रहे थे लेकिन पार्टी ने उनकी बेटी अक्षिता को उम्मीदवार बना दिया। अक्षिता सैनी 32 साल की हैं और 7 साल की बेटी की मां हैं। उनके पति कुलदीप सैनी गुजरात के जामनगर में टीचर हैं। परिवार का आरएसएस से पुराना जुड़ाव रहा है।

### बिश्नोई को पार्टी देगी नोटिस

उधर रविवार को अंबाला शहर में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कई प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया। साथ ही मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी के लिए भी कई नुक्कड़ सभाओं के जरिए वोट की अपील की। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि उन पर व भाजपा की राज्यसभा सांसद पर तल्ख टिप्पणी करने को लेकर भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई को नोटिस दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैंने स्पष्ट किया था फिर भी सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने मामले को तूल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है। किसी को भी पार्टी के अनुशासन को तोड़ने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूर्व विधायक कुलदीप बिश्नोई को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

## भारतीय योग संस्थान ने मनाई महाराजा जस्सा सिंह की जयंती



**शहजादपुर।** जस्सा सिंह को श्रद्धांजलि देते योग साधक।

- महाराजा जस्सा सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में आगे बढ़े युवा पीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

भारतीय योग संस्थान परिवार द्वारा आयोजित दैनिक योग कक्षा में सुल्तान उल कौम महाराजा जस्सा सिंह आहलूवालिया की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी योग साधकों ने महाराजा जस्सा सिंह आहलूवालिया के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। उनके महान जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान आहलूवालिया सभा के पूर्व प्रधान मुकेश वालिया ने महाराजा जस्सा सिंह के व्यक्तित्व और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराजा केवल एक महान योद्धा ही नहीं बल्कि दूरदर्शी शासक, समाज सुधारक और धर्म रक्षक भी थे। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी महाराजा जस्सा सिंह ने साहस, त्याग और नेतृत्व का अद्भुत परिचय दिया और समाज को एकजुट करने का कार्य किया। मुकेश वालिया ने कहा कि युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा, समाज सेवा और मानवता के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। ऐसे महापुरुषों की जयंती मनाना केवल परंपरा नहीं बल्कि हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़कर रखा जा सके। भारतीय योग संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि ऐसे महापुरुषों की जयंती हमें उनके आदर्शों पर चलने और समाज सेवा के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने संपूर्ण आहलूवालिया बिरादरी का धन्यवाद करते हुए कहा कि भारतीय योग संस्थान नारायणगढ़ परिवार हर तीज-त्योहार और महापुरुषों की जयंती को श्रद्धा के साथ मनाता है। उन्होंने नगरवासियों से आह्वान किया कि संस्थान की निशुल्क योग कक्षा जो प्रतिदिन प्रातः 4:50 से 6:00 बजे तक आहलूवालिया धर्मशाला में आयोजित होती है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ। मौके पर रामनाथ धीमान, मनोज वालिया, राजेश वर्मा, मान सिंह, रविंद्र, एडवोकेट लाजपत भारांपुर, रमाशंकर, अजीत त्यागी, विनोद, वैभव चौधरी, महिपाल यादव, मनीषा शर्मा आदि रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा में स्वामी अनंत गिरी ने किया गोवर्धन पूजा की महिमा का गुणगान



**बराड़ा।** गांव अधोया स्थित दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान एवं खाटूश्याम मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन गोवर्धन पूजा की महिमा का भव्य वर्णन किया गया। कथा वाचन स्वामी अनंत गिरि महाराज (वृंदावन धाम) द्वारा बड़े ही सुंदर और भावपूर्ण शब्दों में किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर हो उठे। कथा के दौरान स्वामी ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। भक्तिमय वातावरण में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। पूरे परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा। संस्था के पदाधिकारी बृजेश बंसल व घनश्याम शर्मा ने बताया कि 5 मई मंगलवार को सुबह हवन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे से अटूट भंडारे का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति रही।

### पैसेंजर ट्रेन संख्या 74991/74992 अस्थायी रूप से रद्द, यात्री परेशान

**अंबाला।** दौलतपुर चौक से अंबाला कैंट के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। अंबाला रेल मंडल ने ट्रेन संख्या 74991/74992 पैसेंजर को 31 मई तक के लिए अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। इससे हिमाचल, पंजाब और हरियाणा के नौकरीपेशा लोगों, छात्रों और व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे के मुताबिक, चंडीगढ़ जंक्शन-न्यू मोरिंडा रेलवे सेक्शन पर तकनीकी और मरम्मत का कार्य चल रहा है। रेल ट्रैक के सुधार और सिग्नल सिस्टम को अपडेट करने के लिए इस मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन बंद किया गया है। सुबह के समय इस ट्रेन के रद्द होने से लंबा अंतराल हो गया है। इससे दैनिक यात्री परेशान हैं। ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों ने रेलवे से मांग की है कि ट्रेन को चंडीगढ़ के बजाय वाया सरहिंद मोड़कर चलाया जाए ताकि कनेक्टिविटी बनी रहे। इसके अलावा यदि मूल ट्रेन संभव न हो तो यात्रियों की भीड़ को देखते हुए एक महीने के लिए कोई विशेष ट्रेन शुरू की जाए। यात्रियों को फिलहाल बसों या निजी वाहनों पर निर्भर होना पड़ रहा है। इसी प्रकार चंडीगढ़-नंगल डैम सेक्शन के बीच चल रहे तकनीकी कार्य के कारण दो महत्वपूर्ण मेमू ट्रेनें भी पूरे मई महीने पटरी पर नहीं उतरेंगी। इसमें ट्रेन संख्या 64516 नंगलडैम-अंबाला मेमू और 64517 अंबाला-नंगलडैम शामिल हैं जोकि 2 से 31 मई तक रद्द रहेंगी।

## आईटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए गाइडलाइंस जारी

- चयनित छात्रों को 9 मई तक आवंटित स्कूल में करें रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शिक्षा विभाग ने शिक्षा के अधिकार यानी आरटीई के तहत सत्र 2026-27 के लिए निजी स्कूलों में दाखिले की गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। 29 अप्रैल को निकले ऑनलाइन लॉटरी रिजल्ट के बाद अब आवंटित छात्रों को स्कूलों में रिपोर्ट करना होगा। चयनित छात्रों को 9 मई 2026 के बीच आवंटित स्कूल में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। यदि छात्र 10 दिनों के भीतर स्कूल नहीं पहुंचता है, तो उसका आवेदन रद्द माना जाएगा। स्कूल स्तर की कमेटी निवास प्रमाणपत्र, आयु प्रमाण और अन्य श्रेणी के दस्तावेजों की गहनता से जांच करेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्कूल केवल वाजिब कारणों से ही दाखिला रोक सकते हैं जैसे, हरियाणा का वैध निवास प्रमाणपत्र न होना। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए सालाना आय 1,80,000 रुपये से अधिक होना। आयु का सही प्रमाण न देना। फर्जी या गलत जानकारी पाए जाने पर दाखिला रद्द कर दिया जाएगा। अगर किसी अभिभावक को दाखिले में परेशानी आती है तो वे सीधे ब्लॉक स्तर की मॉनिटरिंग कमेटी से संपर्क कर सकते हैं। जिले में इसकी जिम्मेदारी अलग-अलग खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपी गई है। इसके तहत अंबाला सिटी की जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह-9518142404 को सौंपी गई। इसी प्रकार अंबाला कैंट की जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा रानी-9416387937, शहजादपुर में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंदर सिंह-9988733761 को सौंपी है। इसके अलावा, विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 0172-5049801 भी जारी किया है। किसी भी पात्र बच्चे को बिना ठोस कारण दाखिले से वंचित न किया जाए। इस संबंध में टीम का गठन किया गया है जो खंड स्तर पर अभिभावकों की परेशानी का समाधान करेंगी।

## नेत्र जांच शिविर में 45 मरीजों ने लिया भाग, बांटी निःशुल्क दवाइयां

- हर महीने के पहले रविवार को लगाया जाता है कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर




**शहजादपुर।** शिविर में अपनी आंखों की जांच करवाते लोग।

श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में रविवार को लगाए गए निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 45 नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की विभिन्न बीमारियों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अंबाला शहर से आई विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की आंखों की बीमारियों की जांच की व उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की तथा उन्हें चश्मे के नंबर भी दिए गए। उन्होंने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया जाता है। मौके पर प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी, उप प्रधान रामेश्वर शर्मा, विनोद वर्मा, ओम प्रकाश आहूजा आदि रहे।

## दमकल कर्मियों का धरना 26वें दिन भी जारी

- फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद कर्मचारियों को शहीद का दर्जा देने के साथ एक करोड़ का मुआवजा भी मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

नगर पालिका कर्मचारी संघ व हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन अंबाला सदर के कर्मचारियों की संयुक्त रूप हड़ताल निरंतर जारी है 26 वें दिन की सफलत हड़ताल फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद दमकल कर्मचारी रणवीर सिंह व भवीचंद शर्मा को शहीद का दर्जा देने,उनके आश्रितों को 1-1 करोड़ रुपये आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी प्रदान करने,पे-रोल व कौशल निगम के दमकल कर्मचारियों को विभाग के सृजित पदों पर समायोजित कर समान काम समान वेतन देने तथा 5000 रुपये मासिक जोखिम भत्ता लागू करने, ड्यूटी के दौरान घायल कर्मचारियों को गंभीर स्थिति में फ्री इलाज व विशेष अवकाश प्रदान करने 23 व 31 दिसंबर 2025 के पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और समान काम समान वेतन लागू करने, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ओर अग्निशमन कर्मचारियों से हुए समझौते को लागू करने की मांग की। हड़ताल की अध्यक्षता राज्य ऑडिटर रणदीप सिंह ने की व मंच का संचालन विक्रम बक्शी ने किया। सरकार कर्मचारियों की मांगों के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि जब तक फायर कर्मचारियों की न्याय उचित मांगों का समाधान नही होता तब तक ये आंदोलन जारी रहेगा ।

### चोरी के मामले में आरोपी पकड़ा,सामान बरामद

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए चोरी की एक वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रजत निवासी गांव मोहड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया है। शिकायतकर्ता जुलफान खान ने 1 मई 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 'सिया वाटिका पैलेस' से चोरों ने लोहे की प्लेटें, हैमर और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर आरोपी रजत को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर चोरी की गई लोहे की लोहा प्लेट बरामद कर ली गई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### गाड़ी सहित तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

**अंबाला।** एएनसी टीम ने दो मामलों में तीन नशा तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से कुल 118 ग्राम 17 मिलीग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। जांच टीम ने एनएच-44 नजदीक शाहपुर गार्डन के पास घेराबंदी कर गाड़ी में सवार आरोपी विश्वदीप व गौरव को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान गाड़ी में सवार आरोपियों के कब्जे से 110 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दोनों आरोपियों को हेरोइन व गाड़ी सहित काबू कर थाना पड़ाव में एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी गौरव को रिमांड पर लिया गया व विश्वदीप को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है। दूसरे मामले में एएनसी टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि मधुमहल पैलेस के पास आरोपी नशा बेचने के लिए घूम रहा है।

### चिड़िया लाइन से शुरू होकर हाथीखाना मंदिर पर समाप्त हुई यात्रा

# साइकिलिंग से हृदय स्वास्थ्य में होता है सुधारः संतोष

### शांति एवं सद्भावना अभियान के तहत प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज़ ईश्वरीय विवि की ओर से हुआ यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** साइकिल यात्रा में हिस्सा लेने वाले लोग। *फोटो : हरिभूमि*

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिपिंग एविएशन टूरिज्म विंग की ओर से अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित शांतिधाम की ओर शांति एवं सद्भावना अभियान के अंतर्गत रविवार सुबह 5:30 बजे अनदेखा भारत साइकिल यात्रा मेरा भारत मेरी शान का आयोजन किया गया। यह यात्रा मर्करी प्राइमरी आर्मी स्कूल चिड़िया लाइन अंबाला कैंट से शुरू होते हुए यहां की ऐतिहासिक इमारतों विरासत के सामने से निकलती हुई लगभग 8 किलोमीटर का सफ़र तय कर 7 बजे हाथी खाना मंदिर पर पहुंची। इस यात्रा में 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को कैप व सर्टिफिकेट व रिफ्रेशमेट दिया गया। यह बिल्कुल निशुल्क था। इसमें 12 साल और इससे अधिक उम्र के व्यक्तियों ने भाग लिया। शिपिंग एविएशन टूरिज्म विंग के राष्ट्रीय संयोजक राजयोगी ब्रह्माकुमार संतोष भाई ने कहा साइकिल चलाना एक अत्यंत प्रभावी और कम ऊर्जा खपत वाला व्यायाम है जो हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है, मांसपेशियों की ताकत बढ़ाता है और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। प्रतिदिन 30 मिनट साइकिल चलाने से तनाव काफी हद तक कम हो सकता है।

### वजन प्रबंधन में प्रभावी

साइकिल महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है जिनमें हृदय संबंधी स्वास्थ्य में सुधार, प्रभावी वजन प्रबंधन (प्रति घंटे 600 कैलोरी तक बर्न होना) और निचले शरीर और कोर की मांसपेशियों की ताकत में वृद्धि शामिल है। यह जोड़ों के लिए कोमल होता है, जिससे यह दौड़ने जैसे उच्च प्रभाव वाले खेलों की तुलना में गतिशीलता बनाए रखने और चोटों को रोकने के लिए आदर्श है। इस अवसर पर हाथी खाना मंदिर के स्वामी की पावन उपस्थिति रही। ब्रह्माकुमार राकेश मेहता ने सकुशल मंच संचालन किया।